>

Title: Requests the Government to set up heavy industry and small scale cottage industries in Begusarai constituency of Bihar to remove economic backwardness in the region.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बेगूसराय (बिहार) की और दिलाना चाहता हूं जहां कोई भारी उद्योग नहीं है और न ही कोई ऐसा उद्योग है जिससे इस क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सके। उद्योग के अभाव में बेरोजगारी में लोग अन्य राज्यों को पलायन कर जाते हैं। इस क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास बिहार में काफी पीछे है। इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए लघु और कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा जो नहीं दिया गया है। इस क्षेत्र के आर्थिक विकास और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए यहां पर कोई आधारभूत और भारी उद्योग लगाया जाए और लघु कुटीर उद्योगों के लगाने हेतु उद्यमियों को करों में राहत दी जाए और उपलब्ध कच्चे माल के आधार पर उद्योग स्थापित किये जाएँ। मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं।